देश की पहली अंतर्राष्ट्रीय टाइगर मैराथन का आयोजन कल अलवर में होने जा रहा है। वन्यजीव संरक्षण फिटनेस और पर्यटन के संदेश के साथ होने वाली इस मेगा इवेंट में देश–विदेश के नामचीन एथलीट हिस्सा लेंगे। इससे पहले, आज रामसर साइट सिलीसेढ़ झील पर बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। वहीं सरिस्का में हो रही राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन आज कई तकनीकी सत्र हो रहे हैं। केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव भी कार्यशाला में शिरकत कर रहे हैं। कार्यशाला में वन्यजीवों की सामूहिक संरक्षण रणनीतियों पर मंथन किया जा रहा है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय टाइगर मैराथन से अलवर को नई पहचान मिलेगी। श्री यादव ने कहा कि इस साल मई महीने में भारत की मेज़बानी में ग्लोबल बिग कैट अलायंस समिट होगी।

000

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल आज जयपुर पहुंचे। वे केन्द्रीय बजट को लेकर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस से रूबरू हुए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ रही है। भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनेगा।

000

केन्द्रीय मंत्री रामजल सेतु और अन्य योजनाओं की प्रगति को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिन की मलेशिया यात्रा पर रवाना हुए। अपने प्रस्थान व्यक्तव्य में श्री मोदी ने कहा कि वे दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी को मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि वे मलेशिया प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और मलेशिया में बसे भारतीय समुदाय के लोगों से संवाद कर दोनों देशों के सहयोग को मज़बूत बनाने का प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी आज शाम कुआलालंपुर में "सेलामत दातंग मोदी जी" नामक एक सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें लगभग 15 हजार प्रवासी भारतीयों के शामिल होने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम को दोनों देशों के प्रधानमंत्री संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे।

000

जयपुर में आज ऑल राजस्थान रोज़ शो का आयोजन किया जा रहा है। सिटी पार्क में हो रहे इस कार्यक्रम में गुलाब की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रकृति प्रेमियों, कलाकारों और बागवानों के लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं भी रखी गई हैं।

000

राज्य में मौसम का मिज़ाज बदलने लगा है। सुबह–शाम ठंड वहीं दिन में गर्मी का अहसास हो रहा है। प्रदेशभर में अधिकतम तापमान में कल 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं बाड़मेर में पारा 32 डिग्री को पार कर गया। इससे हल्की गर्मी महसूस की गई। इस बीच, आज सीकर के फतेहपुर में सबसे कम 5 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। टोंक, अलवर, करौली, दौसा, झुंझुनूं, पाली और सिरोही में भी रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इससे सुबह शाम सर्दी का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार–पांच दिनों तक मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है।

000

राजस्थान पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी कर घर बैठे कैप्चा भरने के नाम पर होने वाली साइबर ठगी से सावधान रहने को कहा है। साइबर क्राइम यूनिट के अनुसार, ठग सोशल मीडिया पर आसान कमाई का लालच देकर युवाओं और गृहणियों को जाल में फँसा रहे हैं।

000